E-mail : eeupjnruralalig@gmail.com
Telephone No. : 0571-4507626

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पीटल के सामने गली में, एटा चुंगी–बोनेर (जी0टी0) रोड, सिंधौली, अलीगढ़–202001

पत्रांक 1101 / M-15 / 46 दिनाँक– 01-05-2026

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय,
अलीगढ़।

विषय– दैनिक समाचार पत्र 'हिंन्दुस्तान' अलीगढ़– मण्डल के पेज –2 पर ग्राम बढौली फतेहखा, विकास खण्ड– लोधा (वर्तमान में नगरीय क्षेत्र) की पेयजल योजना से सम्बन्धित समाचार के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक ग्राम बढौली फतेहखा, विकास खण्ड– लोधा (वर्तमान में नगरीय क्षेत्र, नगर निगम, अलीगढ़) में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित पेयजल योजना पर दैनिक समाचार पत्र 'हिन्दुस्तान', अलीगढ़– मण्डल के पेज –2 पर शीर्षक ''बढ़ौली फतेह खाँ में डेढ़ साल से पेयजल संकट'' के साथ प्रकाशित समाचार अनुक्रम में सादर अवगत कराना है कि जनपद–अलीगढ़ के कुल 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित है, जिसका संचालन एवं रख–रखाव (ओ.एण्ड.एम) ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। शासन के नवीनतम शासनादेश द्वारा माह मई, 2025 से पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं 10 वर्ष के संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 प्रवीन इलेक्ट्रीकल्स प्रा0लि0 मुम्बई का चयन किया गया है, जिस हेतु सुदृढ़ीकरण के प्राक्कलन विरचित कर स्वीकृति एवं धनावन्टन हेतु मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके है। अवशेष 1070 ग्रामों को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत सूचीबद्ध फर्मो मै0 ऑयन एक्सचेंज, मै0 के0पी0टी0एल0 एवं मै0 पी0एन0सी0 को आवंटित किया गया है, जो 724 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आच्छादित है। समस्त योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल कार्य नलकूप–731 नग, पम्प हाउस 731 नग, वितरण प्रणाली 7171 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय 729 नग एवं कुल 393876 नग गृह जल संयोजन के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष क्रमशः 730 नग नलकूप, 719 पम्प हाउस, 7120 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 292 नग शिरोपरि जलाशय एवं 385366 नग गृह जल संयोजन के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्य प्रगति पर है एवं माह मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत 1070 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 143 नग राजस्व ग्रामों में समस्त कार्य पूर्ण कर ओ0 एण्ड एम0 में सम्मिलित की गयीं 101 नग योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है एवं 554 नग राजस्व ग्रामों में सीधे पम्पिंग/शिरोपरि जलाशय के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 90 % से अधिक प्रगति वाली पेयजल योजनायें प्राथमिकता पर पूर्ण कर ओ एण्ड एम में सम्मिलित की जा रही है।

इसके साथ ही अवगत कराना है कि समाचार में उल्लिखित ग्राम बढौली फतेह खान वि0ख0– लोधा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्य नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग, शिरोपरि जलाशय 300 किली/14 मी0 वितरण प्रणाली 12070 मी0 एवं गृह जल संयोजन 760 नग के सापेक्ष नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग, शिरोपरि जलाशय 95 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 10828 मी0 एवं गृह जल संयोजन 690 नग के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं सीधे पम्पिंग द्वारा आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। शेष कार्य पूर्ण किया जाना सितम्बर 2026 तक लक्षित है।

यहाँ यह भी अवगत कराना समीचीन होगा कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना की समयावधि दिसम्बर 2028 तक बढ़ा दी गयी है। माह जुलाई 2024 से केन्द्रांश की धनराशि अवमुक्त न होने के कारण योजना की प्रगति प्रभावित हुई है। तथापि संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित नही किये गये 554 ग्रामों में जिनका

क्रमशः

संचालन अनुबन्ध शर्तों में बाध्यकारी न होने के पश्चात भी शिरोपरि जलाशय/सीधे पम्पिंग द्वारा आंशिक जलापूर्ति जनहित में की जा रही है।

योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री नम्बर 1800–1212–164 पर की जा सकती है। विभाग समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः–** उपरोक्तानुसार।

भवदीय

01/05/2026

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक व दिनांक उक्त।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. सहायक निदेशक, सूचना, जनपद– अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

# ग्राम बढौली फतेहखॉ, पेयजल योजना, विकास खण्ड–लोधा










